HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Third Session)

Questions For Oral Answer

Monday , 27 August, 2018/5 Bhadrapada,1940, (Saka)

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - Education Minister - MPP & Power Minister - Urban Development Minister - Agriculture Minister - Health and Family Welfare Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Forest Minister and Social Justice & Empowerment Minister].

Total No. of Questions - 42

Indoor Stadium Hamirpur

*635 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):

Will the **Forest Minister** be pleased to state whether the Government proposes to construct the indoor stadium at Hamirpur town; if yes, then where?

उद्यान विभाग में रिक्तियां

*636 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उद्यान विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

अवैध कब्जे

*637 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हाऊसिंग कॉलोनी फेज-1, 2,3 बद्दी और बसंती बाग में लोगों द्वारा अवैध कब्जे तथा नलकूप बोर कर रखे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इनके विरुद्ध क्या कार्रवाई कर रही है?

फैक्टरी से प्रदूषण

*638 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ लगते PACL फैक्टरी जोकि पंजाब में स्थित है, में हो रहे रसायन के रिसाव के कारण साथ लगते हिमाचल के गाँवों का सिंचाई एवं पेयजल दूषित हो रहा है तथा मिट्टी की उर्वरकता भी कम हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की गई?

चूड़धार से लापता बालिका

*639 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि गत 2 माह से चूड़धार, सिरमौर से 6 वर्ष की एक बच्ची लापता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस बच्ची को ढूंढने हेतु क्या प्रयास किए हैं; ब्यौरा दें?

Vacancy Position

*640 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of staff in the newly opened Govt. Degree College, Powabo in Shimla Rural; how many posts are sanctioned and how many are filled-up; and

(b) what is the latest position of construction of building of Govt. Degree College, Powabo and availability of funds for Govt. Sr. Secondary School Shakrah in Shimla Rural?

आयुर्वेदिक औषधि

***641 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राज्य स्तरीय आयुर्वेदिक औषधि बनाने की अनुमति देने वाली समिति एक मीटिंग में एक कम्पनी को केवल मात्र पाँच Product बनाने की अनुमति देती है; यदि हां, तो क्या सरकार एक ही समय में 5 से ज्यादा product बनाने की अनुमति देने पर विचार करेगी?

बसों का क्रय

***642 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा जो बसें केन्द्र सरकार से प्राप्त धनराशि से क्रय की गई थी वो बसें कुछ दिन सड़कों पर चलने के उपरान्त अब अपने-अपने डिपो पर खड़ी हैं; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

बन्जार सब्जी मण्डी

***643 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार सब्जी मण्डी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

श्री नैना देवीजी महाविद्यालय

***644 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय श्री नैना देवीजी की कक्षाएं किस ईमारत में चल रही हैं;

(ख) क्या माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए "श्री रूलदू राम मैमोरियल कॉलेज" को स्थानान्तरित कर दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Crop Insurance Scheme

***645 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) during the financial year 2017-18 in District Shimla how many farmers have been covered under the weather based Crop Insurance Scheme;

(b) what is the total premium collected by the Insurance Companies; and

(c) claims given by the Insurance Companies to the farmers?

ESI अस्पताल

***646 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अम्ब उप-मण्डल में कामगारों की सुविधा के लिए 100 बिस्तर का ESI अस्पताल खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसकी स्वीकृति कब तक दे दी जाएगी?

सामाजिक कार्यों हेतु धनराशि

***647 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में मन्दिरन्यास, ज्वालामुखी द्वारा कितनी धनराशि गरीब कन्याओं की शादी व अन्य मदों तथा सामाजिक कार्यों के लिए व्यय की गई, उसके लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई; और

(ख) इस अवधि में मन्दिर न्यास द्वारा गऊशाला निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; गऊशाला निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है व कितनी-कितनी धनराशि किस-किस मद के अन्तर्गत व्यय की गई; ब्यौरा दें?

Status of Charge Sheet

***648 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what is the status of the charge sheet served by the BJP to the Governer of Himachal Pradesh?

अवैध खनन

***649 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नालागढ़ उप-मण्डल में अवैध खनन रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ख) पॉली हाउस तथा ज़मीन समतल करने के दौरान हो रहे अवैध खनन की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

Shamshan Ghat Chamba Ghat

***650 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state whether it is a fact that Shamshan Ghat Chamba Ghat is still under construction for want of funds; if so, by when the construction work will be completed?

सौर ऊर्जा पावर प्लांट/पार्क

***651 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत वर्ष सरकार ने शिमला में सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पावर प्लांट लगाने का निर्णय लिया था;

(ख) यदि हां, तो इस वर्ष कितने सरकारी कार्यालयों की छतों पर यह प्लांट स्थापित किए गए; और

(ग) जिला शिमला में किस स्थान पर सौर ऊर्जा पार्क स्थापित किया जायेगा; ब्यौरा दें ?

पुलिस सहायता कक्ष

***652 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत धनोटू में पुलिस सहायता कक्ष को उन्नयन करने का विचार रखती है?

चौधरी हरदयाल ओ0बी0सी0 भवन

*653 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क)नगरोटा बगवां के हटवास गाँव में निर्मित चौधरी हरदयाल ओ0बी0सी0 भवन की जांच की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस भवन से होने वाली आय किस खाते में जा रही है; ब्यौरा दें?

Installation of Hand Pumps

*654 **Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
Sh. Pawan Kumar Kajal(Kangra) :

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state during 2018-19, how much funds have been kept for installation of hand pumps in the State; circle wise details be given?

सड़क निर्माण

*655 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार डोडरा-क्वार सड़क पर टिकरी में सुरंग निर्माण तथा Seo से दोगरी तक (डोडरा-क्वार) सड़क बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) Gosauro से जिसकुन व जाखा सड़क का कार्य बंद पड़ा है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

बी0पी0एल0 सूची

*656 **श्री आशीष बुटेल(पालमपुर) :**
श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :
श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में बी0पी0एल0 सूची में रहने के लिए हल्फनामें (Affidavit) लिए जाने व 2500 रुपये मासिक आय की शर्त अनिवार्य है; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखे;

(ख) केंद्र सरकार ने बी0पी0एल0 के लिए अलग से मानक निर्धारित कर रखे हैं; यदि हां, तो मानकों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक कितने लोगों को बी0पी0एल0 सूची से हटाया या बदला गया; ब्यौरा जिलावार दें?

बिजली बिल

*657 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला किन्नौर में उपभोक्ताओं को कई महीनों का या साल भर का बिजली का बिल एकमुश्त दिया जा रहा है; यदि हां, तो कारण?

डिपोधारक

*658 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अन्तर्गत कुल कितने डिपोधारक हैं; और

(ख) सरकार उनका मासिक वेतन निर्धारित करने बारे विचार रखती है?

कृषि विभाग में रिक्तियां

*659 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत सात माह में आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कृषि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

लिपिकों की भर्ती

*660 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत एक वर्ष में शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत ऊना नगर परिषद में लिपिकों की भर्ती किस आधार पर की गई हैं; और

(ख) यह भर्तियां अधीनस्थ चयन आयोग, हमीरपुर के माध्यम से हुई है; यदि हाँ, तो ब्यौरा दें?

Deployment of Staff

***661 Sh. Vinay Kumar (Sri Renukaji):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of different categories are sanctioned in the office of Engineer-in-Chief H.P.P.W.D., Architect Wing, National Highways, Quality Control Wing and HPRIDC, category-wise details be given;

(b) how many Beldars are deployed in Engineer-in-Chief Office, whether there is any justification for deployment; and

(c) whether it is a fact that excess staff is working in Engineer-in-Chief Office like Executive Engineers, Assistant Engineers and Superintendents Grade-II, Clerks, Drivers and class-4; if yes, reasons thereof?

Quality of Pharmaceutical Products

***662 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what steps have been taken to check the production and quality of Pharmaceutical products in the State; and

(b) district-wise details of samples collected and action taken thereof be given?

औद्योगिक इकाइयां

***663 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पांवटा व नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितनी औद्योगिक

इकाइयां स्थापित हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) क्या इन औद्योगिक इकाइयों में गन्दे पानी को साफ करने के लिए CETP (Common Effluent Treatment Plant) स्थापित हैं; और

(ग) औद्योगिक क्षेत्र गोंदपुर व काला अम्ब में सरकार क्या CETP स्थापित करने का विचार रखती है?

सिंचाई/पेयजल योजनाओं हेतु धनराशि

***664 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक कितनी धनराशि जिला चम्बा को सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं हेतु आवंटित की गई; ब्यौरा दें ?

मैट्स का क्रय

***665 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इस वित्तीय वर्ष में शिक्षा विभाग द्वारा कबड्डी खेल के लिए कितने मैट्स खरीदे जा रहे हैं; इस पर कुल कितनी लागत आएगी और स्कूलों को किस आधार पर मैट्स आंबटित किए जाएंगे;

(ख) मैट्स की गुणवत्ता आंकलन के लिए क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; और

(ग) प्रदेश में शिक्षा विभाग द्वारा खेलों के सामान पर कितनी धनराशि व्यय की जाएगी; सामान क्रय करने हेतु क्या किसी विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया गया है; ब्यौरा जिलावार दें?

सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन हेतु धनराशि

***666 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जनवरी, 2018 से NABARD, CRF तथा

PMGSY के अन्तर्गत किन-किन सड़कों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; और

(ख) कितनी सड़कों के उन्नयन (upgradation) हेतु धनराशि स्वीकृत हुई है; सड़कवार ब्यौरा दें?

पेयजल योजना ज्वालामुखी

*667 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पेयजल योजना ज्वालामुखी कब बनाई गई और कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी;

(ख) इस योजना से पर्याप्त मात्रा में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार इसका संवर्धन या नई योजना का विचार रखती है तथा इसकी डी0पी0आर0 एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है; अद्यतन स्थिति से अवगत करवाया जाए?

मन्दिरों का राजस्व रिकॉर्ड

*668 **श्री अनिरुद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला शिमला के अन्तर्गत पंचायत भौंट, डूम्मी, नेरी, दढालटी, आनंदपुर एवं नगर निगम शिमला के वार्ड नम्बर-4, 5, 8 व 10 में स्थित मन्दिरों का राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज़ नहीं हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इन मन्दिरों का राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज़ करने का विचार रखती है?

आयुर्वेदिक संस्थानों में पदपूर्ति

*669 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा क्षेत्र में कितने आयुर्वेदिक अस्पताल व उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं; इनमें कितने-कितने पद रिक्त हैं तथा इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

विद्युत चलित बसें

*670 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा कितनी विद्युत चलित बसें किस कंपनी से किस दर पर खरीदी गईं तथा निविदाओं में कितनी कम्पनियों ने भाग लिया; और

(ख) सरकार ने वर्तमान में और कितनी विद्युत चलित बसों को क्रय करने का निर्णय लिया है और किस दर से?

Vacant Posts of Paramedical Staff

***671 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of paramedical staff are lying vacant in the State; District wise details be given; and

(b) what steps are the Government taking to fill-up these posts?

राजकीय महाविद्यालय मटौर

***672 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय मटौर के भवन निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

पशु औषधालय में रिक्तियां

***673 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पशु चिकित्सक के कितने पद रिक्त हैं और इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में नए अस्पताल और पशु औषद्यालय खोलने का विचार रखती है तथा वर्तमान में कितने अस्पताल और पशु औषद्यालयों के अपने भवन है तथा कितने निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें?

Management of Shri Chamunda Nandikeshwar Mandir Nyas

***674 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it true that Shri Chamunda Nandikeshwar Mandir Nyas, Chamunda and Shri Himani Chamunda Mandir trust has been constituted;

(b) if yes, are there any Members from Palampur Constituency in this trust; and

(c) if no, does the Government proposes to add Members from Palampur Constituency?

अध्ययन अवकाश

***675 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) All India Services (Study leave) Regulations,1960 के अनुच्छेद 3 के अधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अध्ययन अवकाश किन-किन आवश्यक शर्तों पर स्वीकृत की जा सकती है और क्या यह अध्ययन अवकाश बिना किसी कोर्स में दाखिला लिए या सेवानिवृत्त के बाद भी स्वीकृत किया जा सकता है;

(ख) दिनांक 01.01.2018 के बाद सरकार ने कितने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पक्ष में ऐसी छुट्टी रिटायरमेंट के बाद स्वीकृत की है; ब्यौरा नाम सहित दें और इस छुट्टी की एवज़ में उन अधिकारियों को कितने-कितने धन की अदायगी की गई; और

(ग) सरकार इन रेगुलेशन्ज में ढील के लिए सक्षम है; यदि नहीं, तो क्या सरकार अवैध भुगतान की वसूली करने का विचार रखती है?

भूस्खलन से क्षति

***676 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कटगांव गांव के नीचे भारी भूस्खलन हुआ है जिससे क्षतिग्रस्त रास्तों

पर वहां आने-जाने में भारी खतरा है; और

(ख) यदि हां, तो इस भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त रास्तों की बहाली के लिए सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गई है; ब्यौरा दें ?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 10 अगस्त, 2018. **सचिव।**